## एक नजर में

### मनकामेश्वर कांटाफोड़ मंदिर में भस्म आरती



इंदौर. नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर पर चल रहे श्रावणी अनुष्ठान के तहत श्रावणी पूर्णिमा पर शनिवार सुबह ब्रह्म मुहूर्त में भस्म आरती का आयोजन नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के मुख्य आतिथ्य में सौल्लास संपन्न हुआ. सैकड़ों शिवभक्तों ने हर-हर महादेव के जयघोष के बीच स्मशान घाट से लाई गई भस्म से लगभग 3 घंटे तक चली इस पूजा एवं अन्य अनुष्ठानों में भाग लिया. मंदिर ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग, संयोजक बी.के. गोयल, राजकुमार अग्रवाल एवं संदीप गोयल, सुशील प्रजापति, हेमंत अग्रवाल, परमानंद वालेचा, वरुण मंगल सहित सैकड़ों भक्तों ने महाआरती में भाग लिया. कांटाफोड़ मंदिर पर भस्म आरती का प्रावधान उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर की तर्ज पर प्रतिवर्ष श्रावणी पूर्णिमा पर किया जाता है. इसके पूर्व कल शाम मंदिर पर लगी बाबा सोमनाथ की झांकी के दर्शन के लिए सैकड़ों श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और मंदिर स्थित सभी देवालयों में पूजा-अर्चना कर देश एवं प्रदेश में सुख-शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की. विजयवर्गीय ने इस मौके पर सभी भक्तों को रक्षाबंधन एवं श्रावणी अनुष्ठान की पूर्णाहुति पर बधाई एवं शुभकामनाएं व्यक्त की.

### राम रामेश्वर मंदिर पर आकर्षक पुष्प श्रृंगार



इंदौर. नारनोली अग्रवाल पंचायती ट्रस्ट द्वारा मल्हारगंज तेली बाखल स्थित ट्रस्ट भवन पर चल रहे श्रावणी अनुष्ठान में शनिवार को श्रावणी पूर्णिमा के उपलक्ष्य में राम रामेश्वर मंदिर का मनोहारी विद्युत एवं पुष्प श्रृंगार भक्तों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा. बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आकर पूजा-अर्चना भी की. ट्रस्ट के अध्यक्ष हुकमचंद अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर भक्तों के लिए दर्शनों की विशेष व्यवस्था की गई और प्रसाद वितरण भी किया गया. समाजबंधुओं ने उत्साह के साथ मंदिर आकर दर्शन लाभ उठाया.

### छड़ी निशान यात्रा का आयोजन व पूजन



इंदौर. सबके राम लोक कल्याण समिति के तत्वावधान में जाहरवीर गोगादेव के पवित्र छड़ी निशान यात्रा का दिव्य आयोजन महूनाका चौराहा स्थित प्रताप प्रतिमा स्थल से रणजीत हनुमान होते हुए स्कीम 71 स्थित दस्तूर गार्डन तक बैंडबाजों एवं पूरे लवाजमे के साथ किया गया. यात्रा में झांकियां, अखाड़े, महाराष्ट्र से आए पथक ढोल, आदिवासी कलाकारों की नृत्य मंडली और परंपरागत वेशभूषा में आए अन्य समाजबंधु भी थिरकते हुए शामिल हुए. आयोजन समिति के संयोजक महेन्द्रसिंह चौहान एवं प्रवीणा पंकज अग्निहोत्री ने बताया कि इस मौके पर सामाजिक समरसता के उद्देश्य से महाशक्ति समाज के प्रांत प्रचार प्रमुख धर्मेन्द्रसिंह मौर्य, डॉ. हेडगेवार समिति के अध्यक्ष डॉ. ईश्वर हिन्दुजा, संघ के विभाग समरसता प्रमुख जितेन्द्रजी, रामेश्वर जिला सामाजिक समरसता प्रमुख किरण जोशी के अलावा सांसद शंकर लालवानी, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, एमआईसी सदस्य अभिषेक बबलू शर्मा, निरंजनसिंह चौहान गुड्डू, भाजपा प्रवक्ता दीपक जैन टीनू, संदीप दुबे, करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनुरागसिंह राघव, परशुराम सेना के प्रदेशाध्यक्ष अनूप शुक्ला, पार्षद शानू शर्मा एवं सतनामसिंह खनूजा सहित अनेक अतिथियों ने शामिल होकर छड़ी निशानों का पूजा भी किया और उपस्थित सभी समाजों के प्रमुखों का आव्हान किया कि वे सामाजिक समरसता की दिशा में इस तरह के त्योहार और उत्सव पूरे उल्लास के साथ मनाएं. दस्तूर गार्डन पहुंचने पर सभी छड़ी निशानों का विभिन्न समाजों की ओर से पूजन भी किया गया. अंत में संयोजक महेन्द्रसिंह चौहान ने आभार माना.

### इस्कॉन मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव शुरू



इंदौर. निपानिया स्थित अंतर्राष्ट्रीय श्री कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) मंदिर पर जन्माष्टमी महोत्सव का शुभारंभ मंदिर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास प्रभु के सानिध्य में अभिषेक, भजन एवं भागवत कथा की त्रिवेणी के साथ हुआ. सुबह भगवान बलराम, श्रीकृष्ण एवं सुभद्रा के पंचामृत और फलों के रस से अभिषेक के पश्चात यूरोप से आए नंदूलाल प्रभु, श्यामा माता एवं 15 वर्षीय मालिनी माता ने सरल हिन्दी में मनोहारी भजन प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया. उन्होंने मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे... और अच्युतम केशवम जैसे भजनों की प्रस्तुतियां दी. मंदिर पर संध्या को वृंदावन से पधारे भागवताचार्य हयग्रीव प्रभु ने भागवत कथा का शुभारंभ किया और भगवान की बाल लीलाओं का भाव पूर्ण चित्र प्रस्तुत किया. इस अवसर पर इस्कॉन इंदौर के लक्ष्मदास प्रभु, श्रीनिकेतनदास प्रभु, लक्ष्मीनरसिंहदास प्रभु, अच्युत गोपाल प्रभु, विशाल प्रभु, अद्रिधरणदास प्रभु, गिरधर गोपालदास प्रभु, सुखी माताजी, पार्वती माताजी सहित अनेक संतों ने भागवताचार्य एवं महामनदासजी सहित अन्य मेहमानों का स्वागत किया. सामजसेवी पी.डी. अग्रवाल, राजेश कस्तूरी एवं सिद्धार्थ अग्रवाल के विशेष आतिथ्य में सभी अनुष्ठान सौल्लास संपन्न हुए. मंदिर से जुड़े हरि अग्रवलाल, शैलेन्द्र मित्तल एवं किशोर गोयल ने बताया कि जन्माष्टमी के लिए मंदिर पर विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं. समूचे मंदिर परिसर पर आकर्षक विद्युत सज्जा भी की जा रही है.

### नरसिंह वाटिका में आज द सर्जिकल स्ट्राइक

इंदौर. एयरपोर्ट रोड, नरसिंह वाटिका स्थित नवरत्न वाटिका पर चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान की धर्मसभा में रविवार को सुबह बजे से युवा हृदय सम्राट विश्वरत्न सागर की निश्रा में विशेष प्रवचन होंगे. आयोजन समिति के संयोजक पुण्यपाल सुराना, कैलाश नाहर, ललित सी. जैन ने बताया कि द सर्जिकल स्ट्राइक विषय पर जैनाचार्य एवं अन्य संतगण विशेष प्रवचनों की अमृत वर्षा करेंगे.









# बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधा प्यार, लिया रक्षा का वचन, हर्षोल्लास से मनाया रक्षाबंधन पर्व

**इंदौर. भाई-बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन शनिवार को हर्षोल्लास से मनाया गया. बहनों ने भाई की कलाई पर राखी के रूप में अपना प्यार बांधकर मुंह मीठा कराया और उनके सफलता व लंबी उम्र की कामना की. वहीं भाइयों में भी आशीर्वाद लेकर उपहार दिए और रक्षा का वचन दिया. वहीं, शहरवासी प्रमुख मंदिरों में भी परिवार सहित भगवान के दर्शनों को पहुंचे और आशीर्वाद लिया. भगवान को विशेष राखियां अर्पित की गई. महिलाओं व युवतियों ने भगवान को रक्षा सूत्र बांधे. जनप्रतिनिधि भी महिलाओं व बच्चियों के बीच पहुंचे और राखी बंधवाई. पर्व के मौके पर बहनों ने मुफ्त सिटी बस यात्रा का आनंद भी लिया.**

शनिवार सुबह से ही रक्षाबंधन का उत्साह शहर में हर ओर देखने को मिला. शुभ मुहूर्त का इंतजार भाई-बहन उत्सुकता से कर रहे थे. इस दौरान बाजारों और दुकानों में भी भीड़ दिखी. मिठाई की दुकानों पर पर कुछ ज्यादा भीड़ रही. बहनें, भाई के घर पहुंचने को आतुर थी. रेलवे स्टेशन व बस स्टेशन पर भी लोग अपने गंतव्य पर पहुंचने को आतुर नजर आ रहे थे. सभी में रक्षाबंधन मनाने का उत्साह था. शुभ मुहूर्त शुरू होते ही बहनों ने भाइयों की कलाई पर अपना प्यार बांधा और मुंह मीठा करवाया.

भाइयों में भी बहनों के प्रति प्यार व्यक्त करते हुए उपहार देकर आशीर्वाद लिया. राखी बंधवाने के पश्चात सभी ने अपनी योजनानुसार परिवार सहित पर्व का आनंद लिया. वहीं, शहर में भी इस दौरान विशेष आयोजन किए.

इनमें जनप्रतिनिधि भी बहनों के बीच पहुंचे और राखियां बंधवाकर उपहार दिए.








### खजराना गणेश को चढ़ाई 251 किलो वजनी फूलों की राखी

खजराना गणेश मंदिर में भगवान केके 251 किलों वजनी राखी चढ़ाई गई। संस्था विघ्नहर्ता गणेश उत्सव समिति ने उक्त राखी अर्पित की है. सुबह



खजराना गणेश को 14 बाय 14 की 196 वर्गफुट की राखी अर्पित की गई. उक्त राखी 100 किलो फूलों से तैयार की गई है, जिसे बनाने में पिछले एक सप्ताह से 20 कारीगर जुटे हुए थे. राखी निर्माण में बैंगलोर, पुणे से फुल बुलाए गए थे. संस्था विघ्नहर्ता गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश बिडकर और सचिव राहुल शर्मा ने बताया कि यह राखी देश के सैनिकों को समर्पित की गई है. संस्था सचिव ने कहा कि आज संत दादू महाराज और भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने उक्त राखी खजराना गणेश को अर्पित की गई है. साथ ही शहर में अच्छी बारिश और सभी की मंगलकामनाओं के लिए भगवान गणेश से प्रार्थना की है.



महापौर पुष्यमित्र भार्गव, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला, महेन्द्र हार्डिया, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि बहनों के बीच पहुंचे और राखियां बंधवाई.

### स्वदेशी अपनाओं का संदेश देती राखी

खजराना गणेश मंदिर में इस वर्ष 40 बाय 40 इंच की स्वदेशी अपनाओ की प्रेरणा देने वाली राखी अर्पित की गई. तकरीबन तीन महीने में बनी इस राखी पर 80 हजार चिढ़ के मोती, 1000 रुद्राक्ष, 200 से ज्यादा सोने के वर्क से सजी सुपारियां लगाई गई हैं. शांतनू पालरेचा और पुंडरिक पालरेचा ने बताया कि वे पिछले 21 वर्षों से भगवान को नए-नए विषय पर राखी बनाकर अर्पित कर रहे हैं. इस बार राखी का विषय ऑपरेशन सिंदूर है. इसमें स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है.

# केंद्रीय मंत्री द्वारा शहर के नए हरित क्षेत्र में पौधरोपण

### पितृपर्वत के नीचे लगेंगे 1 लाख पौधे, आज 11 हजार शुरुआत

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज केंद्रीय रक्षा मंत्री गांधी नगर में हरियाली महोत्सव के तहत पौधरोपण करेंगे. इसके बाद मंत्री बीएसएफ परिसर में भी मां की बगिया में पौधा रोपेंगे. उक्त स्थान पितृ पर्वत के पास स्थित है, जिसमें नगर निगम द्वारा 1 लाख पौधे लगाएं जाएंगे.**

केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ आज सुबह 11 बजे गांधी नगर थाने के पास नए सिटी फारेस्ट में पौधरोपण करने इंदौर आ रहे है. मंत्री सेठ सुबह 10 बजे बीएसएफ परिसर में बनाई जा रही मां की बगिया में पौधरोपण करेंगे. इसके बाद पितृ पर्वत के नीचे नगर निगम द्वारा नए पर्यावरण क्षेत्र के विकास में पौधरोपण करेंगे। नग्न निगम उक्त स्थान पर एक लाख पौधे लगाएगा. आज नगर निगम द्वारा 11 हजार पौधे लगाकर शुरुआत की जाएगी. निगम के जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर ने बताया कि उक्त जमी पर तार फेंसिंग, सड़क निर्माण और अन्य विकास कार्य की किए जाएंगे. आने वाले एक दो साल बाद इंदौर यह इलाका सिर्फ हरित क्षेत्र ही नहीं, बल्कि पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो जाएगा. उक्त बगीचे में आज जन पिकनिक भी माना सकेंगे.

# मोहन भागवत द्वारा गुरुजी सेवा न्यास के कैंसर अस्पताल का शुभारंभ आज

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर में कैंसर जैसी घातक बीमारी का सुलभ और बेहद सस्ता इलाज की शुरुआत होने जा रही है. योजना 54 में गुजराती स्कूल के पास स्थित आईडीए के प्लॉट पर गुरु सेवा न्यास द्वारा कैंसर अस्पताल निर्मित किया गया है. अस्पताल का शुभारंभ आज शाम संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत करेंगे.

इंदौर में गुरुजी सेवा न्यास द्वारा माधव सृष्टि कैंसर केयर व रिसर्च इंस्टिट्यूट की स्थापना की जा रही है. उक्त कैंसर हॉस्पिटल में गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार के लोगों को अब कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का आसान व सस्ता इलाज मिलेगा. इंदौर में संघ के गुरुजी सेवा न्यास कैंसर अस्पताल में नाम मात्र की दरों पर आसान इलाज मिलना शुरू हो




### आसान और बेहद सस्ता इलाज मिलेगा मरीजों को

जाएगा. इस अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल व रिसर्च सेंटर का शुभारंभ संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा आज शाम को किया जा रहा है. गुरुजी सेवा न्यास में कैंसर का आसान इलाज मध्य प्रदेश में यह अपनी तरह का अत्याधुनिक अस्पताल होगा, जिसमें जरूरतमंद मरीजों को नाम मात्र के शुल्क पर विश्व स्तरीय इलाज उपलब्ध हो सकेगा.

**छोटी सी डिस्पेंसरी से शुरूआत-** गुरुजी सेवा न्यास के मनीषी श्रीवास्तव ने बताया कि शुरू में इसमें छोटी सी डिस्पेंसरी शुरू की गई थी. वह कई दिनों तक नहीं चली, लेकिन बाद में मरीजों का आना शुरू होने लगा. इसके बाद माधव सृष्टि गुरुजी सेवा न्यास ने गुरु गोलवलकर के जन्म शताब्दी को लेकर उनकी स्मृति में कैंसर हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर स्थापित किया है. स्वस्थ मानव, समृद्ध राष्ट्र की परिकल्पना को दृष्टिगत रखते हुए इसमें गरीबों और मध्यमवर्ग के मरीजों को सस्ता और उत्तम इलाज मिलेगा.

**सभी तरह के कैंसर का इलाज-** गुरुजी सेवा न्यास के मुकेश हजेला ने बताया कि अस्पताल में आयुष चिकित्सा, होम्योपैथी, नेचरोपैथी सहित सभी तरह के कैंसर का इलाज की सुविधा मिलेगी. कैंसर के लिए कीमोथेरेपी, मेमोग्राफी और भी कई तरह की जांच करने के लिए अमेरिका से सिमंस की मशीन आ रही है. ओपीडी आज से शुरू हो जाएगी, लेकिन एक महीने में सारी मशीन स्थापित कर पूर्ण इलाज चालू कर दिया जाएगा.

**अस्पताल में रहेंगी निम्न सुविधाएं-** अस्पताल में कैंसर केयर के लिए रेडिएशन थेरेपी, पेट स्कैन, सीटी स्कैन, कीमोथेरेपी के अलावा मैमोग्राफी आदि सुविधा उपलब्ध होगी. इसके अलावा यहां प्राकृतिक चिकित्सा, होम्योपैथी, आयुर्वेद, एक्यूपंक्चर, न्यूरोपैथी, क्रायोथेरेपी आदि की सुविधा भी उपलब्ध हो सकेगी.



# श्रावणी उपाकर्म में मंत्रोच्चार के बीच यज्ञोपवीत धारण

**इंदौर.** विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम का सभा मंडप शनिवार को विद्वान आचार्यों के समवेत मंगलाचरण-मंत्रोच्चार एवं श्लोक-मंत्रो की मंगल ध्वनि से गूंजता रहा. श्रावणी उपाकर्म की तमाम विधियों में करीब 200 नए और 800 से अधिक पुराने साधकों ने नूतन यज्ञोपवीत धारण किए, आश्रम के संस्थापक ब्रम्हलीन स्वामी श्री गिरिजानंद सरस्वती 'भगवन' की प्रेरणा से महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सान्निध्य एवं आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में सुबह 9.30 बजे से वैदिक मंगलाचरण एवं पवित्रीकरण के साथ श्रावणी उपाकर्म का श्रीगणेश हुआ. आश्रम ट्रस्ट के पं. दिनेश शर्मा, राजेन्द्र महाजन, रमेश राठौर, रमेश पसारी, सत्यनारायण शर्मा सहित श्री श्रीविद्याधाम परिवार के सदस्यों ने तीर्थस्थलों, नदियों और सूर्य देवता की प्रार्थना से उपाकर्म का शुभारंभ किया. पांच विद्वानों ने सबसे पहले दशविध स्नान की रस्म संपन्न कराई. देवों, ऋषियों, माता-पिता, मित्रों, सम्बंधियों सहित सभी दिवंगतों के साथ देश के लिए शहीद होने वाले सैनानियों के लिए भी तर्पण किया गया. प्रायश्चित कर्म और सप्तऋषि पूजन के बाद नए यज्ञोपवीत धारण किए गए. श्रावणी उपाकर्म में 100 वेदपाठी एवं 900 अन्य नए-पुराने साधकों ने यज्ञोपवीत धारण किए.



# हंसदास मठ पर 250 से अधिक साधकों ने धारण किए नए यज्ञोपवीत

**इंदौर.** एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर श्रावणी उपाकर्म अनुष्ठान में शनिवार को हंस पीठाधीश्वर श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर स्वामी पवनदास महाराज के सानिध्य में 250 से अधिक साधकों ने भाग लेकर आचार्य पं. विनायक पांडे के निर्देशन में नए यज्ञोपवीत धारण किए. हंसदास मठ संस्कृत विद्यापीठ के वेदपाठी बटुकों ने भी भाग लिया. मठ के पं. अमितदास महाराज ने बताया कि इस अवसर पर पं. गोविंद शर्मा, कैलाश गोलाना, राजेश दुबे, पं. लीलाधर शर्मा, हंसदास विद्यापीठ के प्राचार्य पं. रामकुमार शर्मा, पं. कैलाश पाराशर, पं. आदित्य पाराशर आदि ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. सामूहिक स्नान के बाद साधकों ने विद्वान आचार्यों के निर्देशन में नए यज्ञोपवीत धारण किए और आश्रम के श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर पं. पवनदास महाराज के भी शुभाशीष प्राप्त किए.

# श्वेताम्बर जैन मंदिरों में शुद्धिकरण अभियान आज से

**इंदौर.** जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार के संयुक्त तत्वावधान में 10 अगस्त को शहर के 70 श्वेताम्बर जिनालयों में सुबह 8 बजे से एक साथ सफाई एवं शुद्धिकरण अभियान बड़े उत्साह के साथ चलाया जाएगा. मालवा भूषण नवरत्न सागर के आशीर्वाद एवं युवा हृदय सम्राट जैनाचार्य विश्वरत्न सागर की प्रेरणा से यह अभियान इसी दिन सारे देश में एक साथ 2 हजार जिनालयों में चलाया जाएगा. इसके अंतर्गत समाज के श्रावक-श्राविकाएं सुबह सपरिवार जिनालयों में पहुंचकर शास्त्रोक्त सामग्री से जिनालयों का शुद्धिकरण अभियान चलाएंगे। 14 वर्ष पूर्व यह अभियान मालवा भूषण प.पू.

### शास्त्रोक्त सामग्री से होगी सफाई

नवरत्न सागर म.सा. की प्रेरणा से प्रारंभ किया गया था.

अभियान के प्रभारी प्रीतेश ओस्तवाल, नवरत्न परिवार के प्रमुख संयोजक ललित सी. जैन, मनीष सुराना एवं मालवा महासंघ के प्रमुख दिलसुखराज कटारिया एवं दीपक सुराना ने बताया कि शहर के जैन श्रीसंघों की मेजबानी में अपने-अपने क्षेत्र के युवा एवं महिला श्रद्धालु पूजा के वस्त्रों में आसपास के जिनालयों तक पहुंचेंगे और मंदिर स्थित सभी प्रतिमाओं पूजा सामग्री के स्थानों, दीवारों एवं फर्श से लेकर अन्य सभी स्थानों की सफाई के लिए शास्त्र सम्मत साधकों की किट्स का प्रयोग कर इस अभियान को पूरा करेंगे. शहर में कालानी नगर, पीपली बाजार, रतनबाग, महावीर बाग, तिलक नगर, विजय नगर, वल्लभ नगर सहित सभी जिनालयों एवं आराधना स्थलों को शास्त्रोक्त सामग्री से साफकर चकाचक बनाया जाएगा. अभियान में सत्रह से पचपन वर्ष आयु के समाजबंधु शामिल होंगे. देश के 2 हजार सेअधिक मंदिरों में यह अभियान एक साथ, एक ही दिन एक ही समय पर चलाया जाएगा. शहर अध्यक्ष शैलेन्द्र नाहर ने सभी समाजबंधुओं से आव्हान किया है कि वे अपने आसपास के सभी मंदिरों में इस अभियान में शामिल होकर इसे सफल बनाएं.

